# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (08.07.2025)

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 08.07.2025, PAGE-04

# कम्युनिटी हाल से निकल आडिटोरियम पहुंचेगा दीक्षा समारोह का प्रोसेशन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुरः बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में छह वर्षों के बाद हो रहे दीक्षा समारोह को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। 25 अगस्त को होने वाले इस समारोह में कम्युनिटी हाल से प्रोसेशन निकलेगा और आडिटोरियम तक पहुंचेगा। प्रोसेशन का नेतृत्व रजिस्ट्रार करेंगे। इसके बाद अतिथि, कुलपति, डीन, सिंडिकेट, सीनेट और एकेडमिक काउंसिल के सदस्य समेत अन्य लोग शामिल होंगे। इसमें शामिल होने वाले अतिथियों और अन्य के लिए ड्रेस कोड का भी निर्धारण है। इसको लेकर पूर्व में राजभवन की ओर से नियमावली का निर्धारण किया जा चुका है।

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के प्राक्टर प्रो. बीएस राय ने बताया कि दीक्षा समारोह में प्रोसेशन निकाला जाएगा। यह कम्युनिटी हाल से चलकर आडिटोरियम तक पहुंचेगा। दोनों ही स्थानों पर सफाई से लेकर अन्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। 25 अगस्त को दीक्षा समारोह का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है।

**6 वर्ष बाद होने वाले समारोह के लिए चल रही तैयारियां, 25 अगस्त को होगा समारोह**

उल्लेखनीय है कि दीक्षा समारोह में स्नातक सत्र 2021-24 और पीजी सत्र 2022-24 के टापरों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। वहीं पीएचडी पूरा करने वालों को भी सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। इसके लिए टापरों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। अगले महीने में पूरी प्रक्रिया की जानकारी सार्वजनिक होगी। पिछले दीक्षा समारोह में रजिस्ट्रेशन शुल्क 1500 रुपये निर्धारित था।

**2024 के छात्र-छात्राओंको नहीं मिल पा रही डिग्री :** स्नातक सत्र 2021-24 के तहत स्नातक उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को करीब पिछले आठ महीने से डिग्री नहीं मिल पा रही है। दीक्षा समारोह होने के बाद उन्हें सर्टिफिकेट मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। दूसरी ओर पीजी के सत्र 2022-24 के तहत उत्तीर्ण छात्रों को डिग्री नहीं मिल रही है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 08.07.2025, PAGE-04

# विश्वविद्यालय को मिलेंगे राजनीति विज्ञान के 59 शिक्षक, प्रक्रिया पूरी

## इंटरव्यू के आधार पर जारी की गई सहायक प्राध्यापकों की सूची

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरएबीयू समेत प्रदेश के विश्वविद्यालयों को राजनीति विज्ञान के 274 सहायक प्राध्यापक मिलेंगे। साक्षात्कार की प्रक्रिया के आधार पर बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की ओर से सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी करते हुए उनके लिए विश्वविद्यालय का आवंटन कर दिया है। इस आधार पर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को राजनीति विज्ञान के कुल 59 शिक्षक मिलेंगे। राजनीति विज्ञान के लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी की गई है। कुल 280 पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किया गया था।

बताया जा रहा है कि इसके बाद शिक्षा विभाग के स्तर से सभी विश्वविद्यालयों को अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद विश्वविद्यालय स्तर से चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी। इसमें उनके शैक्षणिक, अनुभव समेत अन्य दस्तावेज की जांच की जाएगी। इस आधार पर विश्वविद्यालय के तहत आने वाले विभिन्न अंगीभूत कालेजों में सहायक प्राध्यापकों का पदस्थापन किया जाएगा।

- बीआरएबीयू समेत प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों को मिलेंगे कुल 274 सहायक प्राध्यापक
- बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की ओर से सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी



### कामर्स में विश्वविद्यालयवार रिक्तियों की स्थिति

| विश्वविद्यालय | स्वीकृत बल | रिक्ति |
|---|---|---|
| पटना विश्वविद्यालय | 22 | 12 |
| पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय | 31 | 2 |
| वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय | 24 | 8 |
| टीएमबीयू | 33 | 13 |
| एलएनएमयू | 64 | 28 |
| बीआरएबीयू | 42 | 18 |
| बीएनएमयू | 35 | 13 |
| पूर्णिया यूनिवर्सिटी | 25 | 13 |

**कामर्स के लिए 15-17 जुलाई तक होगा साक्षात्कार :** बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की ओर से कामर्स के लिए सहायक प्राध्यापकों के चयन के लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया 15 से 17 जुलाई तक होगी। इसके लिए आयोग की ओर से कोटिवार कटआफ तय कर दिया गया है। अनारक्षित श्रेणी के लिए यह कटआफ 76, अनारक्षित महिला के लिए 72.39, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 70, आर्थिक रूप से कमोजर वर्ग महिला के लिए 67.56, पिछड़ा वर्ग के लिए 70, पिछड़ा वर्ग महिला के लिए 66, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 66, अत्यंत पिछड़ा वर्ग महिला के लिए 43.2, अनुसूचित जाति के लिए 33, अनुसूचित जाति महिला के लिए 33, अनुसूचित जनजाति के लिए 30, पिछड़े वर्ग की महिला के लिए 45 और दृष्टि दिव्यांग के लिए 43 निर्धारित किया गया है। कामर्स के 112 पदों के लिए कुल 400 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया है। इंटरव्यू की प्रक्रिया दो पालियों में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अकादमिक भवन में होगा।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFAPRUR
## DATE:08.07.2025
## PAGE-04

# विवि में दीक्षांत समारोह की तैयारी कम्युनिटी हॉल से निकलेगा जुलूस

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से 25 अगस्त को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो गयी है. आयोजन ऑडिटोरियम में होना है. ऐसे में ऑडिटोरियम का रंग-रोगन और मरम्मत कार्य तेजी से चल रहा है. इधर आयोजन के दौरान होने वाली गतिविधियों को लेकर भी योजना बन रही है. दीक्षांत समारोह के दौरान कम्युनिटी हॉल से प्रोसेसन (जुलूस) निकलेगा.

रजिस्ट्रार के नेतृत्व में यह प्रोशेसन ऑडिटोरियम तक पहुंचेगा. इसके बाद मुख्य अतिथि, कुलपति, सभी संकायाध्यक्ष, सिंडिकेट, सीनेट और एकेडमिक काउंसिल के सदस्य के साथ ही अन्य लोग भी शामिल होंगे. दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा. इसके लिए ड्रेस कोड का निर्धारण किया जा रहा है. छात्रों के लिए कुर्ता-पायजामा और छात्राओं के लिए साड़ी ड्रेस कोड होगा. हालांकि, इसका रंग कैसा होगा. इसपर निर्णय होना है. छात्रों के साथ ही अधिकारियों और विभिन्न निकाय के सदस्यों के गेटअप पर भी निर्णय लिया जाना है. विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो बीएस राय ने बताया कि दीक्षांत समारोह में प्रोशेसन निकालने समेत अन्य गतिविधियों को लेकर तैयारी की जा रही है. ऑडिटोरियम की मरम्मत के साथ ही परिसर की साफ-सफाई करायी जा रही है. समारोह में स्नातक सत्र 2021-24 और पीजी सत्र 2022- 24 के टॉपर्स को गोल्ड मेडल दिया जाएगा. 2019 में आखिरी बार विवि में दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ था. एलएस कॉलेज में इस समारोह में राज्यपाल पहुंचे थे. इसके बाद कोविड के कारण समारोह टलता रहा. इसबार समारोह को लेकर तैयारी हो रही है.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR. DATE: 08.07.2025, PAGE-04**

### यूजीसी के निर्देश पर स्टॉप सेंटर शुरू करने की हो रही तैयारी

# विवि में वन स्टॉप सेंटर से होगा विद्यार्थियों की समस्याओं का हल

**खास**

- एकेडमिक, मानसिक से लेकर विद्यार्थियों की सभी समस्याओं का यहां मिलेगा समाधान



**अंकित कुमार, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू में विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं का समाधान एक ही जगह हो जाएगा. नामांकन, रजिस्ट्रेशन, परीक्षा, परिणाम, एकेडमिक गतिविधियों से जुड़ी समस्याएं हों या मानसिक परेशानी. एक शिकायत पर इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा.

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देश पर विश्वविद्यालय में वन स्टॉप सेंटर की शुरुआत की जाएगी. यूजीसी ने कहा है कि वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) को प्रभावी तरीके से लागू करें. नामांकन के समय इसके लिए हैंडबुक जारी करें. इसमें छात्र-छात्राओं की विभिन्न परेशानियों को लेकर शिकायत करने के वन स्टॉप सेंटर के बारे में बतायें. इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को समस्याओं के समाधान के साथ-साथ जागरूकता के लिए भी पहल करनी है. इससे दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को काफी सुविधा मिलेगी.

**ओएससी से कराया जायेगा अवगत :** विद्यार्थियों को वन स्टॉप सेंटर की जानकारी देने और इसके कार्य के तरीके से अवगत कराने के लिए कार्यशाला आयोजित होगी. हेल्पलाइन के माध्यम से भी परामर्श दिया जायेगा. विद्यार्थियों को पूछताछ के लिए विवि नहीं आना पड़े, इसको लेकर यह सुविधा दी जायेगी.

बीआरएबीयू का क्षेत्र छह जिलों तक फैला हुआ है. ऐसे में विद्यार्थियों को विभिन्न समस्याओं के लिए बार-बार विवि मुख्यालय आना पड़ता है.

**डिग्री से लेकर विभिन्न प्रमाणपत्रों का दिखेगा स्टेटस :** विवि की ओर से विद्यार्थियों की समस्याओं का रिकॉर्ड रखने और उसका स्टेटस घर बैठे विद्यार्थी देख सकें. इसके लिए पोर्टल भी तैयार किया जा रहा है. विद्यार्थियों को अबतक समस्याओं को ऑफलाइन मोड में व्यक्त करना पड़ता है. वहीं उसका स्टेटस देखने के लिए भी बार-बार विवि आना पड़ता है.

### रिड्रेसल सेल और इ-समाधान पर रख सकते बात

बीआरएबीयू के रजिस्ट्रार प्रो समीर शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी समस्याएं रखने के लिए ग्रीवांस रिड्रेसल सेल पहले से संचालित है. छात्र संवाद के रूप में भी पहल की गयी थी. इससे काफी लाभ हो रहा है. यूजीसी की पहल पर वन स्टॉप सेंटर की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है. विद्यार्थी इ-समाधान के माध्यम से भी अपनी समस्याएं घर बैठे पहुंचा सकते हैं. इसपर शिकायत की स्थिति का अपडेट भी मिलता है. विद्यार्थियों को डिजिटल मोड में सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सके. इसके लिए लगातार कोशिश हो रही है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE: 08.07.2025, PAGE-04**

## प्रो बीएस राय एमएमटीटीसी के प्रभारी निदेशक

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के यूजीसी एमएमटीटीसी के निदेशक का प्रभार प्रो बीएस राय को सौंपा गया है. प्रो राय ने पदभार ग्रहण कर कार्य प्रारंभ कर दिया. कहा कि यूजीसी के दिशा-निर्देश के तहत सभी पाठ्यक्रमों को समय सीमा के भीतर संचालित किया जायेगा. इसमें देश-विदेश के ख्यातिलब्ध विद्वानों का व्याख्यान होगा. उप निदेशक डॉ राजेश्वर, हिंदी विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो सतीश राय, एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के कुलसचिव प्रो शरतेंदु शेखर, प्रो प्रमोद, प्रो बिपिन राय, प्रो तरुण डे,डॉ दिलीप, विवि के विकास पदाधिकारी डॉ जितेश पति त्रिपाठी, डॉ अमर बहादुर शुक्ल, अमिताभ, डॉ देवेंद्र प्रताप तिवारी, डॉ मणिभूषण, डॉ राघवमणि, डॉ गुंजन, डॉ रंजीत, सुबोध, ज्वाला, दिलीप आदि ने प्रभारी निदेशक का स्वागत किया.